# शनि देव चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
श्री शनिश्चर देवजी,सुनहु श्रवण मम् टेर।
कोटि विघ्ननाशक प्रभो,करो न मम् हित बेर॥

॥ सोरठा ॥
तव स्तुति हे नाथ,जोरि जुगल कर करत हौं।
करिये मोहि सनाथ,विघ्नहरन हे रवि सुव्रन।

॥ चौपाई ॥
शनिदेव मैं सुमिरौं तोही। विद्या बुद्धि ज्ञान दो मोही॥
तुम्हरो नाम अनेक बखानौं। क्षुद्रबुद्धि मैं जो कुछ जानौं॥

अन्तक, कोण, रौद्रय मनाऊँ। कृष्ण बभ्रु शनि सबहिं सुनाऊँ॥
पिंगल मन्दसौरि सुख दाता। हित अनहित सब जग के ज्ञाता॥

नित जपै जो नाम तुम्हारा। करहु व्याधि दुःख से निस्तारा॥
राशि विषमवस असुरन सुरनर। पन्नग शेष सहित विद्याधर॥

राजा रंक रहहिं जो नीको। पशु पक्षी वनचर सबही को॥
कानन किला शिविर सेनाकर। नाश करत सब ग्राम्य नगर भर॥

डालत विघ्न सबहि के सुख में। व्याकुल होहिं पड़े सब दुःख में॥
नाथ विनय तुमसे यह मेरी। करिये मोपर दया घनेरी॥

मम हित विषम राशि महँवासा। करिय न नाथ यही मम आसा॥
जो गुड़ उड़द दे बार शनीचर। तिल जव लोह अन्न धन बस्तर॥

दान दिये से होंय सुखारी। सोइ शनि सुन यह विनय हमारी॥
नाथ दया तुम मोपर कीजै। कोटिक विघ्न क्षणिक महँ छीजै॥

वंदत नाथ जुगल कर जोरी। सुनहु दया कर विनती मोरी॥
कबहुँक तीरथ राज प्रयागा। सरयू तोर सहित अनुरागा॥

कबहुँ सरस्वती शुद्ध नार महँ। या कहुँ गिरी खोह कंदर महँ॥
ध्यान धरत हैं जो जोगी जनि। ताहि ध्यान महँ सूक्ष्म होहि शनि॥

है अगम्य क्या करूँ बड़ाई। करत प्रणाम चरण शिर नाई॥
जो विदेश से बार शनीचर। मुड़कर आवेगा निज घर पर॥

रहैं सुखी शनि देव दुहाई। रक्षा रवि सुत रखैं बनाई॥
जो विदेश जावैं शनिवारा। गृह आवैं नहिं सहै दुखारा॥

संकट देय शनीचर ताही। जेते दुखी होई मन माही॥
सोई रवि नन्दन कर जोरी। वन्दन करत मूढ़ मति थोरी॥

ब्रह्मा जगत बनावन हारा। विष्णु सबहिं नित देत अहारा॥
हैं त्रिशूलधारी त्रिपुरारी।विभू देव मूरति एक वारी॥

इकहोइ धारण करत शनि नित।वंदत सोई शनि को दमनचित॥
जो नर पाठ करै मन चित से।सो नर छूटै व्यथा अमित से॥

हौं सुपुत्र धन सन्तति बाढ़े।कलि काल कर जोड़े ठाढ़े॥
पशु कुटुम्ब बांधन आदि से।भरो भवन रहिहैं नित सबसे॥

नाना भाँति भोग सुख सारा।अन्त समय तजकर संसारा॥
पावै मुक्ति अमर पद भाई।जो नित शनि सम ध्यान लगाई॥

पढ़ै प्रात जो नाम शनि दस।रहैं शनिश्चर नित उसके बस॥
पीड़ा शनि की कबहुँ न होई।नित उठ ध्यान धरै जो कोई॥

जो यह पाठ करैं चालीसा।होय सुख साखी जगदीशा॥
चालिस दिन नित पढ़ै सबेरे।पातक नाशै शनी घनेरे॥

रवि नन्दन की अस प्रभुताई।जगत मोहतम नाशै भाई॥
याको पाठ करै जो कोई।सुख सम्पति की कमी न होई॥

निशिदिन ध्यान धरै मनमाहीं।आधिव्याधि ढिंग आवै नाहीं॥

॥ दोहा ॥
पाठ शनिश्चर देव को,कीहौं 'विमल' तैयार।
करत पाठ चालीस दिन,हो भवसागर पार॥

जो स्तुति दशरथ जी कियो,सम्मुख शनि निहार।
सरस सुभाषा में वही,ललिता लिखें सुधार॥

## Shani Dev Chalisha in English

**|| Doha ||**
**Shri Shanischara Devji, sunahu shravan mam ter.**
**Koti vighna nashak prabho, karo na mam hit ber.**

**|| Soratha ||**
**Tava stuti he nath, jori jugal kar karat haun.**
**Kariye mohi sanath, vighnaharan he Ravi Suvarn.**

**|| Chaupai ||**
**Shanidev main sumiron tohi. Vidya buddhi gyaan do mohi.**
**Tumharo naam anek bakhanau. Kshudrabuddhi main jo kuchh jaanau.**

**Antak, kon, raudray manau. Krishna babhru shani sabhin sunau.**
**Pingal mandasauri sukh data. Hit anhit sab jag ke gyata.**

**Nit japai jo naam tumhara. Karahu vyadhi dukh se nistara.**
**Rashi vishamvas asuran surnar. Pannag shesh sahit vidyadhar.**

**Raja rank rahahin jo neeko. Pashu pakshi vanchar sabhi ko.**
**Kanan kila shivir senakar. Naash karat sab gramya nagar bhar.**

**Daalt vighn sabhi ke sukh mein. Vyakul hohin pade sab dukh mein.**
**Nath vinay tumse yah meri. Kariy mopar daya ghaneri.**

**Mam hit visham rashi mahavas. Kariy na nath yahi mam aas.**
**Jo gud urad de baar Shanichar. Til jav loh ann dhan bastar.**

**Daan diye se hoy sukhari. Soi Shani sun yah vinay hamari.**
**Nath daya tum mopar kijai. Kotik vighn kshanik mah chhijai.**

**Vandat nath jugal kar jori. Sunahu daya kar vinati mori.**
**Kabahun tirath raj Prayaga. Saryu tor sahit anuraga.**

**Kabahun Saraswati shuddh naar mah. Ya kahun giri khoh kandar mah.**
**Dhyan dharat hain jo jogi jani. Tahi dhyan mah suksma hohi Shani.**

**Hai agamya kya karun badai. Karat pranam charan shir nai.**
**Jo videsh se baar Shanichar. Mudkar aavega nij ghar par.**

**Rahain sukhi Shani dev duhai. Raksha Ravi sut rakhain banai.**
**Jo videsh javai Shanivara. Grih aavai nahin sahai dukhara.**

**Sankat dey Shanichar tahi. Jete dukhi hoi man mahi.**
**Soi Ravi Nandan kar jori. Vandan karat mudh mati thori.**

**Brahma jagat banavan hara. Vishnu sabhin nit det ahara.**
**Hain Trishuldhari Tripurari. Vibhu dev murti ek vari.**

**Ikhoi dharan karat Shani nit. Vandat soi Shani ko damanchit.**
**Jo nar path karai man chit se. So nar chhutai vyatha amit se.**

**Haun suputra dhan santati badhe. Kali kaal kar jode thadhe.**
**Pashu kutumb bandhan adi se. Bharo bhavan rahihain nit sabse.**

**Nana bhanti bhog sukh sara. Ant samay tajkar sansara.**
**Pavai mukti amar pad bhai. Jo nit Shani sam dhyan lagai.**

**Padhe praat jo naam Shani das. Rahain Shanichar nit uske bas.**
**Peeda Shani ki kabahun na hoi. Nit uth dhyan dharai jo koi.**

**Jo yah path karai chalisaa. Hoy sukh sakhi Jagdisha.**
**Chalis din nit padhe sabere. Patak naashai Shani ghere.**

**Ravi Nandan ki as prabhutai. Jagat mohtam naashai bhai.**
**Yako path karai jo koi. Sukh sampati ki kami na hoi.**

**Nishidin dhyan dharai manmahin. Aadhi vyadhi dhing aavai nahin.**

**|| Doha ||**
**Path Shanichar dev ko, kihoon 'Vimal' taiyar.**
**Karat path chalis din, ho bhavsagar paar.**

**Jo stuti Dasharath ji kiyo, sammukh Shani nihara.**
**Saras subhasha mein vahi, Lalita likhen sudhara.**